**सराहनीय कार्य थाना रसूलपुर दिनाँक 25-07-2025 जनपद फिरोजाबाद।**

## थाना रसूलपुर, रामगढ़, उत्तर पुलिस एवं एसओजी / सर्विलासं की संयुक्त टीम द्वारा शातिर चोर अलीशान उर्फ निदान उर्फ विकास को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार। पुलिस मुठभेड में अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुआ घायल।

- **अभियुक्त अलीशान के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 बाइक एवं चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 04 लाख 05 हजार रूपये रूपये व कुछ आभूषण (, 04 जोडी बिछुए सफेद धातु, 01 चैन मय लोकेट सफेद धातु) बरामद।**
- **अभियुक्त अलीशान के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।**
- **अभियुक्त अलीशान द्वारा पूछताछ के दौरान जनपद के थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत 05, थाना शिकोहाबाद व रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत 02-02 तथा थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत 01 चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकारा है जिससे सम्बन्धित माल अभियुक्त की पत्नी निदा के कब्जे से बरामद कर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है।**
- **अभियुक्ता निदा के कब्जे से 16 जोडी पायल सफेद धातु, 05 जोडी बच्चो के कडे सफेद धातु एवं 01 जोडी कान की बाली पीली धातु, 01 जोडी टॉपस पीली धातु चोरी किये गये व चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 26 हजार रुपये बरामद हुए हैं।**

दिनाँक 08-07-2025 को वादिया द्वारा थाना रसूलपुर पर तहरीर दी गयी कि वादिया दिनाँक 07/08-07-2025 की रात्रि में अपने परिवार सहित सो रही थी इसी दौरान अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादिया के घर में रखे सोनो/चाँदी के आभूषण एवं रुपये चोरी कर ले गया जिसके सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 321/25 धारा 305(ए) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त चोरी की घटना के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रकरणों की विवेचना के दौरान अलीशान पुत्र मौहम्मद खान का नाम प्रकाश में आया था। प्रकाश में आए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनाँक 25-07-2025 को पुलिस टीमों को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की चोरी की घटना को अंजाम देनें वाला अभियुक्त जीशान चोरी किया गया कुछ सामान बेचकर फतेहाबाद रोड़ की तरफ से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु नगला बरी चौराहा, फतेहाबाद रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चैकिंग के

दौरान पुलिस टीम को बाइक सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। बारिश के कारण फिसलन होने की वजह से हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्ति की बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ व खुद को घिरता हुआ देखकर बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया है। घायल अभियुक्त की पहचान अलीशान पुत्र मौहम्मद खान निवासी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है जो कि मु0अ0सं0 321/25 में वांछित अभियुक्त हैं। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, चोरी का माल बेचकर प्राप्त किये गये 04 लाख 05 हजार रुपए, चोरी के आभूषण (04 जोडी बिछुए सफेद धातु, 01 चैन मय लोकेट सफेद धातु) एवं 01 बाइक (UP-83-BR-8649) बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह रात्रि के समय मास्क लगाकर घरों में घुसकर चोरी करता था तथा चोरी करके व चोरी किये गये माल को बेचकर अर्जित किये धन से आलीशान मकान का निर्माण करा रहा था एवं मकान की रूफ टॉप पर स्वीमिंग पूल का निर्माण भी कराया जा रहा था। अभियुक्त ने थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत 05, थाना शिकोहाबाद व रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत 02-02 तथा थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत 01 चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है जिससे सम्बन्धित चोरी का माल अभियुक्त की निशांदेही पर अभियुक्त की पत्नी (निदा) के कब्जे से (16 जोडी पायल सफेद धातु, 05 जोडी बच्चो के कडे सफेद धातु, 01 जोडी कान की बाली पीली धातु, 01 जोडी टॉपस पीली धातु एवं चोरी व चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 26 हजार रुपये) बरामद हुआ हैं। अभियुक्ता निदा को माल की बरामदगी सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-**

1. अलीशान पुत्र मौहम्मद खान निवासी 12 बीघा अब्बास नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. निदा पत्नी अलीशान उर्फ निदान उर्फ विकास निवासी 12 बीघा अब्बास नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अलीशान-**

1. मु0अ0स0 244/25 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 321/2025 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 231/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 223/25 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 248/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 273/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0 310/25 धारा 305(क)/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. मु0अ0सं0 328/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. मु0अ0सं0 373/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
10. मु0अ0सं0 441/25 धारा 305/317(2) थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
11. मु0अ0सं0 199/24 धारा 115/351(3)/352/64 बीएनएस थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त अलीशान व निदा के कब्जे से बरामदगी का विवरणः-**

1. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 अदद बाइक ((UP-83-BR-8649)
5. 16 जोडी पायल (सफेद धातु)

6. 05 जोडी बच्चों के कडे (सफेद धातु)
7. 04 जोडी बिछुए (सफेद धातु)
8. 01 चैन मय लॉकेट (सफेद धातु)
9. 01 जोडी बाली (पीली धातु)
10. 01 जोडी टॉपस (पीली धातु)
11. चोरी किये गये व चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 4,31,000/- रूपये ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
2. प्र0नि0 संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।
3. प्र0नि0 संजुल पाण्डे थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद ।
4. उ0नि0 अमित कुमार तौमर सर्विलांस व एसओजी प्रभारी मय टीम
5. उ0नि0 अमित आनन्द थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
6. उ0नि0 विमल कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
7. उ0नि0 हाकिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
8. उ0नि0 ऋषभदेव भारद्वाज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
9. उ0नि0 आदित्य प्रताप सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
10. उ0नि0 अंकित कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।
11. उ0नि0 अजय कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।
12. उ0नि0 दिवेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।
13. है0का0 1023 आफताव थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
14. है0का0 1054 बाबू जालिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
15. है0का0 712 शैलेन्द्र थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
16. का0 1169 रामगोपाल थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।
17. का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।
18. का0 950 फिरोज आलम थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद ।